10700 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं होंगी स्थापित

मुख्यमंत्री योगी ने रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्ट मीट एंड एक्सपो इन्वेस्ट-2020 में कहा, बुंदेलखण्ड-पूर्वांचल को मिलेगी ग्रिड कनेक्टिविटी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अगले दो वर्षों में 10700 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित कर दी जाएंगी। इसके लिए युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि अक्षय ऊर्जा स्रोतों से बड़े पैमाने पर असीमित सौर ऊर्जा उत्पादन की दिशा में उत्तर प्रदेश पूरी तरह संकल्पित है। 'सबका साथ, सबका विकास' के तहत प्रदेश के हर जिले में निवेश को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुंदेलखंड एवं पूर्वांचल में निवेश के लिए स्थापित होने

वाली परियोजनाओं में अन्य सुविधाओं के अलावा ग्रिड कनेक्टिविटी की सुविधा भी दी जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्ट मीट एंड एक्सपो इन्वेस्ट-2020 (थर्ड आरई इन्वेस्ट) में मुख्यमंत्रियों के संबोधन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में निजी भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए साल 2017 में सौर ऊर्जा नीति बनाई गई। इसके तहत सोलर पार्क की स्थापना और सौर ऊर्जा को थर्ड पार्टी विक्रय के लिए ओपन एक्सेस दिया गया। सौर ऊर्जा नीति में प्रोत्साहन प्रावधानों के तहत ऑनलाइन सिंगल विंडो क्लीयरेंस की व्यवस्था के साथ ही सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 100 फीसदी स्टांप ड्यूटी में छूट और इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में 10 वर्ष तक 100 फीसदी छूट का प्रावधान किया गया है।

प्रधानमंत्री को देव दीपावली का भव्य रूप दिखना चाहिए

वाराणसी। देव दीपावली पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से पहले शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तैयारियों की समीक्षा की। सीएम ने कहा है कि इस बार काशी की देव दीपावली दिव्य होगी। धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखने वाले इस पर्व पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की काशी में उपस्थिति समारोह को विशिष्ट शोभा प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री के विभिन्न कार्यक्रमों के सुव्यवस्थित आयोजन और देव दीपावली को भव्य व दिव्य बनाने के लिए प्रदेश सरकार कोई कमी नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार दोपहर बाद करीब तीन बजे खजूरी पहुंचे। उन्होंने पीएम मोदी के जनसभा स्थल पर हो रही तैयारियों को देखा। ब्यूरो